समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# Share Market: ट्रम्प के एक बयान से शेयर बाजार मे लौटी तेजी, सेसेंक्स 778 अंक उछला, निफ्टी भी मजबूत

Sanket Morankar

Published on 03 Aug 2026



सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती के साथ शुरुआत की। **बीएसई सेसेंक्स 778 अंक** की बढ़त के साथ **78,883** पर खुला, जबकि **एनएसई निफ्टी 189 अंक** चढ़कर **24,572** के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में इस तेजी की बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रम्प** का ईरान को लेकर दिया गया बयान और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट रही।

कच्चे तेल में गिरावट से बाजार को मिला सहारा

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें करीब **6 प्रतिशत** गिरकर **84 डॉलर प्रति बैरल** से नीचे आ गईं। इसका फायदा एविएशन, ऑटो और पेंट सेक्टर की कंपनियों को मिला। **इंडिगो, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी** के शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। वहीं, मजबूत तिमाही नतीजों के चलते **बजाज फाइनेंस** और **बजाज फिनसर्व** के शेयरों ने भी बाजार को मजबूती दी।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

एशियाई बाजारों में कारोबार मिश्रित रहा। जापान का **निक्केई 225** करीब **1.79 प्रतिशत** और **टॉपिक्स 1.45 प्रतिशत** नीचे रहा। दक्षिण कोरिया का **कोस्पी** भी शुरुआती कारोबार में **4.75 प्रतिशत** फिसला, जबकि **कोस्डैक** में **1.67 प्रतिशत** की गिरावट दर्ज की गई। हांगकांग का **हैगं सेगं इंडेक्स** मामूली कमजोरी के साथ कारोबार करता दिखा।

अमेरिकी बाजारों में रही मजबूती

अमेरिका में **अमेज़न** के मजबूत तिमाही नतीजों के बाद वॉल स्ट्रीट में तेजी दर्ज की गई। **डॉव जोंस फ्यूचर्स** लगभग **200 अंक** ऊपर रहे, जबकि **एसएंडपी 500 फ्यूचर्स** और **नैस्डैक-100 फ्यूचर्स** में भी बढ़त देखने को मिली। पिछले कारोबारी सत्र में भी

अमेरिकी बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

## ट्रम्प के बयान से बढ़ी निवेशकों की उम्मीद

अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रम्प** ने संकेत दिया कि **ईरान के साथ बातचीत** फिर शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि तेहरान के साथ वार्ता सोमवार से शुरू होगी और क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए **कूटनीति सबसे बेहतर विकल्प** है। इस बयान से मध्य पूर्व में तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी, जिससे वैश्विक बाजारों में निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ।

## RBI MPC बैठक पर भी निवेशकों की नजर

इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक की **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** की बैठक भी शुरू हो चुकी है, जिसका फैसला **5 अगस्त** को आएगा। ब्याज दरों और बैंकिंग सेक्टर से जुड़े संभावित फैसलों पर निवेशकों की करीबी नजर बनी हुई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.